07.02.2025 – अखिल भारतीय

प्रैस विज्ञप्ति 7 फरवरी, 2025

एनएसई कोड:- एलआईसीआई बीएसई कोड:- 543526

## 31 दिसंबर 2024 को समाप्त नौ महीनों के लिए प्रदर्शन अपडेट (वित्त वर्ष 2025 के 9 माह पर)

• कर पश्चात लाभ 8.27 % बढ़कर 29,138 करोड़ रुपये हो गया

• व्यक्तिगत व्यवसाय असहभागी (नॉन पार) एपीई 106.52 % बढ़कर 6,813 करोड़ रुपये हो गया

• व्यक्तिगत व्यवसाय में असहभागी (नॉन पार) एपीई हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2025 के 9 माह के लिए 27.68% रही, जबकि वित्त वर्ष 2024 के 9 माह के लिए यह 14.04% थी

• नव व्यवसाय (वीएनबी) का मूल्य 9.08% बढ़कर 6,477 करोड़ रुपये हो गया

• वीएनबी मार्जिन (नेट) 50 बीपीएस बढ़कर 17.1% हो गया

• नव व्यवसाय प्रीमियम आय (व्यक्तिगत) 9.73% बढ़कर 42,441 करोड़ रुपये हो गई

• कुल प्रीमियम आय 5.51% बढ़कर 3,40,563 करोड़ रुपये हो गई

• एयूएम 10.29% बढ़कर 54,77,651 करोड़ रुपये हो गया

• समग्र एपीई 6.11% बढ़कर 37,975 करोड़ रुपये हो गया।

• व्यक्तिगत व्यवसाय एपीई 4.72% बढ़कर 24,612 करोड़ हो गया और समूह व्यवसाय एपीई 8.76% बढ़कर 13,363 करोड़ रुपये हो गया

• सॉल्वेंसी अनुपात 1.93 से बढ़कर 2.02 हो गया

• व्यय अनुपात वित्त वर्ष 2025 के 9 माह के लिए 231 बीपीएस घटकर 12.97 % हो गया, जो वित्त वर्ष 2024 के 9 माह के लिए 15.28% था

**मुंबई, 7 फरवरी, 2025: भारतीय जीवन बीमा निगम ("एलआईसी") के निदेशक मंडल ने 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त होने वाले नौ महीनों के लिए स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय परिणामों को मंजूरी दी और अंगीकार किया। नीचे हमारे स्टैंडअलोन परिणामों के मुख्य अंश दिए गए हैं।**

31 दिसंबर, 2024 को समाप्त होने वाले नौ महीनों के लिए कर के बाद लाभ (पीएटी) 29,138 करोड़ रुपये था, जबकि 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त होने वाले नौ महीनों के लिए यह 26,913 करोड़ रुपये था, जिसमें 8.27% की वृद्धि दर्ज हुई है।

प्रथम वर्ष की प्रीमियम आय (एफवाईपीआई) (आईआरडीएआई के अनुसार) द्वारा मापी गई बाजार हिस्सेदारी के संदर्भ में, एलआईसी 31 दिसंबर 2024 को समाप्त नौ महीनों के लिए 57.42% की कुल बाजार हिस्सेदारी के साथ भारतीय जीवन बीमा व्यवसाय बाजार का अग्रणी बना हुआ है, जबकि 31 दिसंबर 2023 को समाप्त नौ महीनों के लिए यह 58.90% थी। 31 दिसंबर 2024 को समाप्त नौ महीनों के लिए, एलआईसी की व्यक्तिगत व्यवसाय में 37.21% और समूह व्यवसाय में 71.70% बाजार हिस्सेदारी थी।

31 दिसंबर 2024 को समाप्त नौ महीने की अवधि के लिए कुल प्रीमियम आय 3,40,563 करोड़ रुपये थी, जबकि 31 दिसंबर 2023 को समाप्त नौ महीने की अवधि के लिए यह 3,22,776 करोड़ रुपये थी, यानी 5.51% की वृद्धि दर्ज की गई।

31 दिसंबर, 2024 को समाप्त नौ महीने की अवधि के लिए व्यक्तिगत नव व्यवसाय प्रीमियम आय 42,441 करोड़ रुपये थी, जबकि 31 दिसंबर 2023 को समाप्त नौ महीने की अवधि के लिए यह 38,679 करोड़ रुपये थी, यानी 9.73% की वृद्धि दर्ज की गई। 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त नौ महीने की अवधि के लिए व्यक्तिगत नवीनीकरण प्रीमियम आय 1,78,975 करोड़ रुपये थी, जबकि 31 दिसंबर 2023 को समाप्त नौ महीने की अवधि के लिए यह 1,71,040 करोड़ रुपये थी, यानी 4.64% की वृद्धि दर्ज की गई। 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त नौ महीने की अवधि के लिए कुल व्यक्तिगत व्यवसाय प्रीमियम पिछले वर्ष की तुलनीय अवधि के 2,09,719 करोड़ रुपये से बढ़कर 2,21,416 करोड़ रुपये हो गया, जिसमें 5.58% की वृद्धि दर्ज की गई। 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त नौ महीने की अवधि के लिए समूह व्यवसाय की कुल प्रीमियम आय 1,19,147 करोड़ रुपये थी, जबकि 31 दिसंबर 2023 को समाप्त नौ महीने की अवधि के लिए यह 1,13,057 करोड़ रुपये थी, यानी 5.39% की वृद्धि दर्ज की गई।

31 दिसंबर 2024 को समाप्त नौ महीने की अवधि के दौरान व्यक्तिगत रूप से कुल 1,17,10,505 पॉलिसियाँ बेची गईं, जबकि 31 दिसंबर 2023 को समाप्त नौ महीने की अवधि के दौरान 1,25,56,046 पॉलिसियाँ बेची गईं, यानी 6.73% की कमी दर्ज की गई।

वार्षिक प्रीमियम समतुल्य (एपीई) आधार पर, 31 दिसंबर 2024 को समाप्त नौ महीने की अवधि के लिए कुल प्रीमियम 37,975 करोड़ रुपये था। इसमें से 64.81% (24,612 करोड़ रुपये) व्यक्तिगत व्यवसाय और 35.19% (13,36 करोड़ रुपये) समूह व्यवसाय द्वारा हुआ। व्यक्तिगत व्यवसाय में, एपीई आधार पर सहभागी (पार) उत्पादों का हिस्सा 72.32% (17,799 करोड़ रुपये) था और शेष 27.68% (6,813 करोड़ रुपये) असहभागी (नॉन पार) उत्पादों का था। व्यक्तिगत असहभागी (नॉन पार) एपीई 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त नौ महीने की अवधि के लिए 3,299 करोड़ रुपये से बढ़कर 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त नौ महीने की अवधि के लिए 6,813 करोड़ रुपये हो गई है, जो 106.52% की वृद्धि दर्ज करता है। इसलिए एपीई आधार पर, व्यक्तिगत व्यवसाय का हमारा असहभागी (नॉन पार) हिस्सा 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त नौ महीने की अवधि के लिए 27.68% हो गया है, जबकि 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त नौ महीने की अवधि के लिए यह 14.04% था।

31 दिसंबर, 2024 को समाप्त नौ महीने की अवधि के लिए नए व्यवसाय का मूल्य (वीएनबी) 6,477 करोड़ रुपये था 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त नौ महीने की अवधि के लिए 5,938 करोड़ रुपये, जिसमें 9.08% की वृद्धि दर्ज की गई। 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त नौ महीने की अवधि के लिए शुद्ध वीएनबी मार्जिन 50 बीपीएस बढ़कर 17.1% हो गया, जबकि 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त नौ महीने की अवधि के लिए यह 16.6% था।

31 दिसंबर, 2024 को सॉल्वेंसी अनुपात 31 दिसंबर, 2023 को 1.93 के मुकाबले बढ़कर 2.02 हो गया।

31 दिसंबर, 2024 को समाप्त नौ महीने की अवधि के लिए, 13वें महीने और 61वें महीने के लिए प्रीमियम के आधार पर स्थायित्व अनुपात क्रमशः 76.66% और 61.84% हैं। 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त इसी अवधि के लिए तुलनीय स्थायित्व अनुपात क्रमशः 78% और 62.40% थे।

31 दिसंबर, 2024 को समाप्त नौ महीने के लिए, 13वें महीने और 61वें महीने के लिए पॉलिसियों की संख्या के आधार पर स्थायित्व अनुपात क्रमशः 66.47% और 49.22% हैं। 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त इसी अवधि के लिए तुलनीय स्थायित्व अनुपात क्रमशः 67.22% और 50.23% थे।

31 दिसंबर, 2024 को प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियां (एयूएम) बढ़कर 54,77,651 करोड़ रुपये हो गईं, जबकि 31 दिसंबर, 2023 को यह 49,66,371 करोड़ रुपये थी, जो पिछले साल की तुलना में 10.29% की वृद्धि दर्शाता है।

31 दिसंबर, 2024 को समाप्त नौ महीने की अवधि के लिए कुल व्यय अनुपात 231 बीपीएस घटकर 12.97% हो गया, जबकि 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त नौ महीने की अवधि के लिए यह 15.28% था।

अप्राप्त लाभ को छोड़कर पॉलिसीधारकों के फंड पर निवेश पर प्रतिफल 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त नौ महीने की अवधि के लिए 8.82% था, जबकि 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त नौ महीने की अवधि के लिए यह 9.14% था।

**एलआईसी के सीईओ और एमडी श्री सिद्धार्थ महान्ति ने कहा:-**

"हमारा ध्यान और रणनीति गतिशील वातावरण में अपने ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए अपने उत्पाद और चैनल मिश्रण को बदलने की दिशा में निरंतर बनी हुई है। 31 दिसंबर 2024 को समाप्त नौ महीने की अवधि के लिए, व्यक्तिगत व्यवसायके लिए असहभागी (नॉन पार) शेयर पिछले वर्ष की इसी अवधि के 14.04% की तुलना में एपीई आधार पर 27.68% तक बढ़ गया। इसके अलावा, 31 दिसंबर 2024 को समाप्त नौ महीने की अवधि के लिए वीएनबी मार्जिन भी पिछले वर्ष की इसी अवधि के 16.6% की तुलना में 17.1% तक बढ़ गया है। एलआईसी देश में उच्च बीमा कवरेज के माध्यम से समाज की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध है। एलआईसी की बीमा सखी योजना, एक एजेंट के रूप में बीमा बिक्री में करियर की पेशकश करके महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए शुरू की, 9 दिसंबर 2024 को माननीय प्रधान मंत्री द्वारा इसका शुभारंभ किया गया। आने वाले महीनों में, हमारे डिजिटल परिवर्तन पहलों के परिणाम दिखाई देंगे। हम अपने सभी हितधारकों के प्रति उनके समर्थन के लिए आभारी हैं क्योंकि हम अपने व्यवसाय को तेजी से बदलते उद्योग परिदृश्य के अनुसार अनुकूलित, पुनर्कल्पित और पुन: व्यवस्थित करते हैं।"

**प्रमुख परिचालन एवं वित्तीय मीट्रिक्स:**

| क्र.स. | विवरण | **31 दिसंबर, 2023 को समाप्त नौ महीने की अवधि (करोड़ रुपये में)** | **31 दिसंबर, 2024 को समाप्त नौ महीने की अवधि (करोड़ रुपये में)** | वर्ष दर वर्ष वृद्धि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कर के बाद लाभ (पीएटी) | 26,913 | 29,138 | 8.27% |
| 2 | नव व्यवसाय प्रीमियम आय (व्यक्तिगत) | 38,679 | 42,441 | 9.73% |
| 3 | नवीनीकरण प्रीमियम (व्यक्तिगत) | 1,71,040 | 1,78,975 | 4.64% |
| 4 | कुल प्रीमियम (व्यक्तिगत) | 2,09,719 | 2,21,416 | 5.58% |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 5 | कुल समूह व्यवसाय प्रीमियम | 1,13,057 | 1,19,147 | 5.39% |
| 6 | कुल प्रीमियम आय | 3,22,776 | 3,40,563 | 5.51% |
| 7 | बेची गई पॉलिसियों की संख्या (व्यक्तिगत) | 1,25,56,046 | 1,17,10,505 | (6.73%) |
| 8 | नए व्यवसाय का मूल्य (नेट) | 5,938 | 6,477 | 9.08% |
| 9 | वीएनबी मार्जिन (नेट) | 16.6% | 17.1% | 50 बीपीएस की वृद्धि |
| 10 | समग्र व्यय अनुपात | 15.28% | 12.97% | 231 बीपीएस की कमी |
| 11 | सॉल्वेंसी अनुपात | 1.93 | 2.02 | |
| 12 | 13 माह /61 माह स्थाईत्व(प्रीमियम आधार पर) | 78.00% / 62.40% | 76.66% / 61.84% | |
| 13 | 13 माह /61 माह स्थाईत्व (पॉलिसियों की संख्या के आधार पर) | 67.22% / 50.23% | 66.47% / 49.22% | |
| 14 | व्यक्तिगत व्यवसाय एपीई | 23,503 | 24,612 | 4.72% |
| 15 | समूह व्यवसाय एपीई | 12,287 | 13,363 | 8.76% |
| 16 | कुल एपीई (व्यक्तिगत + समूह) | 35,790 | 37,975 | 6.11% |
| 17 | व्यक्तिगत एपीई उत्पाद मिश्रण (%) (पार/नॉन पार लिंक्ड सहित) | 85.96% / 14.04% | 72.32% / 27.68% | |
| 18 | प्रबंधन के तहत संपत्ति | 49,66,371 | 54,77,651 | 10.29% |

नोट:-

वित्तीय स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया 31 दिसंबर 2024 को समाप्त नौ महीने की अवधि के लिए स्टैंडअलोन वित्तीय परिणाम और स्टॉक एक्सचेंजों और निगम की वेबसाइटों पर अपलोड किए गए नोट्स देखें।

मुंबई में दिनांक 7 फरवरी, 2025

अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें: कार्यकारी निदेशक (सीसी)

भारतीय जीवन बीमा निगम, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई।

ईमेल आईडी: ed_cc@licindia.com

www.licindia.in पर हमसे संपर्क करें

हमारा मानना है कि इस विज्ञप्ति में शामिल समाचार आपके पाठकों के लिए मूल्यवान हैं। हालाँकि हम आपको इसे जल्द से जल्द प्रकाशित करने के लिए धन्यवाद देना चाहेंगे, लेकिन हम यह भी स्वीकार करते हैं कि ऐसा करने का निर्णय पूरी तरह से आपके हाथ में है।